कार्यालय प्राचार्य
**स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रत्तन राजकीय महाविद्यालय, ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**Ref: EDN-GDC-JWL/...S.F.-1../2025-26/ 1010** **Dated: 03/08/2026**

# सूचना

महाविद्यालय में संचालित **उच्च शिक्षा संस्थान समिति (HEIS) के अंतर्गत स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों** के सुचारु संचालन हेतु निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए **अंशकालिक (Part-time), आवश्यकता आधारित (Need-based) एवं पूर्णतः संविदात्मक (Contractual)** आधार पर सेवाएं प्राप्त करने हेतु पात्र अभ्यर्थियों से वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | पद का नाम | पदों की संख्या | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता |
|---|---|---|---|
| 1 | चपरासी (Peon) | 02 | 10वीं उत्तीर्ण |
| 2 | कार्यालय सहायक (Office Assistant) | 01 | 10+2 (बारहवीं) उत्तीर्ण |

## सामान्य शर्तें

1. उक्त सेवाएं **अंशकालिक, आवश्यकता आधारित एवं पूर्णतः संविदात्मक** होंगी।
2. यह व्यवस्था केवल **HEIS के अंतर्गत संचालित स्ववित्तपोषित पाठ्यक्रमों** के संचालन तथा निधियों की उपलब्धता तक सीमित रहेगी।
3. यह किसी नियमित, स्वीकृत अथवा सरकारी पद के विरुद्ध नियुक्ति नहीं होगी तथा इससे चयनित अभ्यर्थी को नियमित नियुक्ति, नियमितीकरण, समायोजन, निरंतरता अथवा सरकारी सेवा में किसी प्रकार का अधिकार, दावा या वैध अपेक्षा प्राप्त नहीं होगी।
4. आवश्यकता समाप्त होने, HEIS निधि उपलब्ध न रहने, कार्य संतोषजनक न पाए जाने अथवा प्रशासनिक कारणों से यह संविदात्मक व्यवस्था बिना पूर्व सूचना के किसी भी समय समाप्त की जा सकेगी।
5. इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि एवं समय पर अपने मूल प्रमाण-पत्रों, एक सेट स्वप्रमाणित प्रतियों, आधार कार्ड, दो नवीनतम पासपोर्ट आकार के फोटो तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों सहित वॉक-इन-इंटरव्यू में उपस्थित हों।
6. पात्रता, उपयुक्तता एवं कार्य की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

## वॉक-इन-इंटरव्यू का विवरण

**दिनांक :** **10-08-2026 (सोमवार)**
**समय :** **अपराह्न 3:00 बजे**
**स्थान :** **प्राचार्य कार्यालय, स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रत्तन राजकीय महाविद्यालय, ज्वालामुखी, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**प्राचार्य**
स्वतंत्रता सेनानी पंडित सुशील रत्तन
राजकीय महाविद्यालय, ज्वालामुखी
जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

Principal
Freedom Fighter Pandit Susheel Rattan
Govt. College Jawalamukhi
Distt. Kangra H.P. - 176031